हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कलेक्टर ने किया...



09 पुलिस परेड ग्राउंड पर नगरीय विकास एवं...



खबर संक्षेप

प्राथमिक शाला वार्ड 12 में हुआ ध्वजारोहण



इटारसी। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला, वार्ड क्रमांक 12 में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिभूमि के जिला ब्यूरोचीफ भूपेंद्र विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर वार्ड के वॉर्ड पार्षद एवं सभापति मनजीत कलोशिया,वरिष्ठ नागरिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश रैकवार, लक्ष्मीनारायण चौहान, युवा भाजपा नेता करण बरगले , सहित विद्यालय का स्टाफ, प्राचार्य, विद्यार्थी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के प्रति अपने संकल्प को दोहराते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

विद्यार्थियों को स्कूल बैग का हुआ वितरण



नर्मदापुरम। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स पावर मैक प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम रायपुर के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कंपनी ने यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने और ग्रामीण बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बैग मिलने पर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण, ली परेड की सलामी... बच्चे हुए सम्मानित

आन, बान, शान से लहराया तिरंगा, मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तत्पश्चात परेड दलो द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। परेड दल का नेतृत्व परेड कमांडर परिविक्षाधीन उ.पु.अ पूजा लक्षकार और परेड उप कमांडर सूबेदार श्री सूरज जामरा ने किया। मंत्री श्री सारंग ने दल नायकों से परिचय भी प्राप्त किया। मंत्री श्री सारंग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रध्वज तिरंगा के रंग में रंगे गुब्बारों को हवा में मुक्त कर देश के अमन चैन एवं खुशहाली के लिए कामना की गई। नर्मदापुरम में आयोजित 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता के नाम दिए गए स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को देखा और सुना। मुख्यमंत्री डॉ यादव के संदेश में स्वतंत्रता के महत्व, विकास के संकल्प और जनभागीदारी पर जोर दिया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक आत्मसात किया।

न्यायालय परिसर में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

इटारसी। न्यायालय परिसर इटारसी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। राष्ट्रध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' के तहत आयोजित नृत्य, चित्रकला एवं गायन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश आदित्य रावत सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में अधिवक्ता दुर्गेश बामने के बांसुरी वादन एवं मास्टर लविश मेहरा के तबला वादन ने सांस्कृतिक रंग भर दिया। आयोजन ने न्यायालय परिवार में उत्साह, रचनात्मकता एवं आपसी सौहार्द का संदेश दिया।



जीनियस प्लानेट स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



इटारसी। न्यास बायपास रोड स्थित जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट रमेश कुमार साहू, एडवोकेट अशोक शर्मा एवं एडवोकेट पारस जैन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषणों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व, संविधान के प्रति कर्तव्यों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया। संस्था के डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी एवं प्राचार्य ममता छिकारा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

संयुक्त आयुक्त ने कमिश्नर कार्यालय में किया ध्वजारोहण



जिले में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय में संयुक्त आयुक्त नर्मदापुरम श्री नवल सिंह मीणा ने ध्वजारोण किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर कमिश्नर कार्यालय परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा ने कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण किया। कलेक्टर कार्यालय में हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर राजीव शुक्ला, अपर कलेक्टर अनिल जैन, सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहें।

मंत्री विश्वास सारंग ने बच्चों को के साथ किया विशेष भोज



ज्ञानोदय सेकेन्डरी स्कूल, नर्मदापुरम में विशेष भोज का आयोजन किया गया। विशेष मध्यान भोजन कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री सारंग ने बच्चों के साथ बैठककर मध्यान भोजन ग्रहण किया।

ट्रेनों में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जीआरपी इटारसी पुलिस को यात्री ट्रेनों में होने वाली चोरी की घटनाओं को रोकने में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले दो शातिर अंतरराज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोने के जेवरात और नकदी सहित कुल 1,67,800/- रुपये का मशरुका बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे भोपाल, अंकित जायसवाल के निर्देशन में इस विशेष अभियान को अंजाम दिया। दरअसल, 5 जुलाई 2026 को गोवा एक्सप्रेस में झांसी से बेलगांव की यात्रा कर रही एक महिला यात्री का लेडीज पर्स चोरी हो गया था, जिसमें सोने का मंगलसूत्र और नकदी रखी थी। इस घटना की रिपोर्ट पर जीआरपी इटारसी में अपराध दर्ज किया और थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने विभिन्न स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से दो संदिग्धों को नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से धर दबोचा।

आदतन अपराधी हैं

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राशिद उर्फ मोनू 24 वर्ष, निवासी बागपत, उत्तर प्रदेश और सलमान उर्फ समीर 32 वर्ष निवासी झांसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि ये दोनों शातिर अपराधी हैं, राशिद के खिलाफ पहले से 14 और सलमान के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस की रिमांड के दौरान सख्ती से पूछताछ करने पर इन्होंने जीआरपी इटारसी क्षेत्र में कुल पांच चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया।

चोरी करने का शातिराना तरीका

ये बदमाश बेहद शातिराना अंदाज में वारदात को अंजाम देते थे। इनका निशाना रात 1 बजे से सुबह 5 बजे के बीच गहरी नींद में सो रहे यात्री होते थे। ये बर्थ पर सो रहे यात्री के सिर के पास या सीट के नीचे रखे बैग और पर्स को बिना कोई आवाज किए उड़ाने में माहिर थे। चोरी करने के तुरंत बाद ये अगले बड़े स्टेशन का इंतजार नहीं करते थे, बल्कि ट्रेन के धीमे होते ही किसी आउटर या छोटे स्टेशन पर कूदकर फरार हो जाते थे।

सेवा दल ने वार्ड क्रमांक-1 में मनाया स्वतंत्रता दिवस, हुआ भव्य झंडा वंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटरसी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक-1 में भव्य झंडा वंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं पार्षद दिलीप गोस्वामी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। झंडा वंदन का औपचारिक कार्यक्रम पुरानी इटारसी के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक द्वारका प्रसाद पासी जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



इस अवसर पर पूर्व पार्षद नरेश चौहान, इरफान गोलंदाज, निखत गोलंदाज, आरती परते,साहब सिंह चौहान, रामकुमार पटेल, अंशुल गोस्वामी, सुनील वर्मा, दीपक चौरसिया, रवि चौरसिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। समारोह में राष्ट्रध्वज को सलामी एवं पुष्पांजलि अर्पित कर देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम की भावना के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया ध्वजारोहण, अर्पित की पुष्पमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नगर की प्रथम नागरिक, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका परिसर में ध्वजारोहरण किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया। नपाध्यक्ष यादव ने नगर के समस्त नागरिकों और नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सभापति, पार्षदगण, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, उपयंत्रीगण सहित बड़ी संख्या में नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला अस्पताल के सामने स्थित गांधी पार्क पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आज निकलेगी भव्य सिंदूर कावड़ यात्रा

माखन नगर। अनुसार पवित्र श्रावण माह में सिंदूर कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है जिसमें नगर के सैकड़ो लोग शामिल होते हैं सेनानी परिवार के पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया विट्ठलेश सेवा समित सेनानी परिवार एवं लायंस क्लब एवं नगर की धर्मिक एवं समाज सेवा समिति के माखन नगर के सहयोग से 17 अगस्त को भव्य सिंदूर कावड़ यात्रा बावड़ी वाले बालाजी मंदिर से प्राचीन शिव मंदिर मंगलवारा बाजार तक निकाली जाएगी जहां सभी कावड़िये भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे सभी नागरिकों से अनुरोध है कि कावड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या मेंशामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

पत्रकार भवन में हुआ ध्वजारोहण मीडियाकर्मी, पत्रकार रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा पुरम पत्रकार संघ इटारसी ने देश की आजादी का 80वां स्वाधीनता दिवस कुमारी मंजू ठाकुर एवं संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया। दोनों अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत एवं वंदे मातरम में सभी ने हिस्सा लिया। ध्वजारोहण के पश्चात पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष अनिल मिहानी ,गिरीश पटेल, मुकेश गांधी, धर्मेन्द्र रणसुरमा ने पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिहानी, सुधांशु मिश्रा, मुकेश गांधी, भूपेंद्र विश्वकर्मा, गिरीश पटेल ,राजेश दुबे, पुनीत दुबे, धर्मेंद्र रण सुरमा, राहुल शरण, शैलेंद्र पाली, दिलीप शर्मा, संजय यादव, तौसीफ खान, घनश्याम तिवारी, सुनील दुबे शिक्षक, सुरेंद्र राजपूत, मनीष पटेल उपस्थित थे।

आजादी के अमृत काल में देशभक्ति से सराबोर हुआ इटारसी, हर्षोल्लास से मना पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस पर शहर का हृदय स्थल जयस्तंभ चौक देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने राष्ट्रीय स्मारक पर ध्वजारोहण किया। एनसीसी, स्काउट-गाइड और स्कूली बैंड की प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह भर दिया।

समारोह में 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 150 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र के साथ आंवले के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के जरिए प्रतिभा सम्मान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया, जिसमें नर्मदापुरम जिले के साहित्यकारों दादा माखनलाल चतुर्वेदी, भवानी प्रसाद मिश्र और हरिशंकर परसाई के योगदान को याद किया गया। एनसीसी के कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जबकि विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर एसडीएम नीलेश शर्मा, प्रभारी सीएमओ एवं कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहे।

नए पदाधिकारियों को श्री बजरंग सेना ने दी नियुक्तियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री बजरंग सेना संगठन इटारसी, जिला नर्मदापुरम द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में नए पदाधिकारियों को नियुक्तियां प्रदान की गईं। केंद्रीय, प्रदेश, संभागीय अनुशंसा एवं जिला कार्यकारिणी की सहमति से मनीष भदौरिया को युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष, हेमेंद्र प्रजापति को नगर उपाध्यक्ष, पंकज प्रजापति को नगर सचिव एवं युवराज प्रजापति को नगर सह-सचिव नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम में किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर दीदी पांचाली देशमुख, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजा प्रजापति, जिला अध्यक्ष अरुण भाट, जिला मीडिया प्रभारी अंगद भाट एवं नगर अध्यक्ष अमित दुबे सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

चाक चौबंद रही प्रशासन की व्यवस्था

पचमढ़ी के ऐतिहासिक नागद्वारी मेले में आस्था का सैलाब, 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी/नर्मदापुरम

'मध्य प्रदेश के अमरनाथ' के नाम से विख्यात पचमढ़ी के ऐतिहासिक नागद्वारी मेले में आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ रहा है। अब तक लगभग 5 लाख से अधिक श्रद्धालु दुर्गम रास्तों को पार कर बाबा नागराज और वासुकी महादेव के दर्शन कर चुके हैं। 'बम-बम भोले' और 'जय नागदेव' के जयकारों के बीच प्रतिदिन हजारों की संख्या में नए श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

प्रशासन ने संभाला मोर्चा, चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी

नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा और एसपी साई कृष्ण एस थोटा ने पचमढ़ी पहुंचकर मेला व्यवस्थाओं की कमान स्वयं संभाल ली है। जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन और एसडीएम आकिप खान की देखरेख में पूरा मेला क्षेत्र





विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया गया है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे और श्रद्धालुओं को जाम या किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बारिश और फिसलन को देखते हुए पहाड़ी रास्तों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

मेले की प्रमुख व्यवस्थाएं

स्वच्छता एवं पर्यावरणः समूचे मेला क्षेत्र को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक से मुक्त रखा गया है और जगह-जगह सफाईकर्मियों की तैनाती कर कचरा प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कठिन, संकरे मोड़ों और गहरी खाइयों के पास पुलिस, होमगार्ड और रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया है। मार्गों पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र और एम्बुलेंस अलर्ट मोड पर हैं। हाल ही में 14 अगस्त को स्वास्थ्य टीम की त्वरित कार्रवाई से नागपुर के 56 वर्षीय गंभीर श्रद्धालु गजानंद सिंधे की जान बचाई गई।

सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह निशुल्क भोजन-भंडारे और शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले 57 लीटर अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में स्वतंत्रता दिवस के ड्राय डे से पहले कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 57.780 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 34,950 रुपये बताई गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालागंज रेलवे अंडरब्रिज के पास एक व्यक्ति सफेद बोरियों में शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर राजेश सिंह बावरा (19), निवासी सरदार मोहल्ला बंगाली कॉलोनी को पकड़ा। तलाशी में तीन बोरियों से 96 क्वार्टर अंग्रेजी शराब और 225 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

खबर संक्षेप

सतपुड़ा व्यापारी संघ सारणी ने किया ध्वजारोहण



सारणी। नगर में कईयों स्थान पर धूमधाम से ध्वजारोहण किए गए सारणी नगर के शॉपिंग सेंटर में सतपुड़ा व्यापारी संघ द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ध्वजारोहण किया गया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी एवं सचिव शमीम रिजवी ने बताया कि ध्वजारोहण के पश्चात बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी की बहनों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत अपना उद्बोधन दिया गया एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित आम जनों एवं व्यापारियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्याम मदान, संरक्षक श्याम सुंदर ओझा, पाथाखेड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय अग्रवाल, समाजसेवी सुनील भारद्वाज, उपाध्यक्ष राजकुमार नागले, वरिष्ठ व्यापारी उमाशंकर सोनी, समाजसेवी ओ पी सरोज मदन लाल सोनी, गौतम नागले, राजकुमार मालवीय त्रिरत्न बौद्ध विहार समिति के अध्यक्ष बलवंत पाटिल एवं नारायण चौकी कर सहित मातृशक्ति की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल







देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्य समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। आकर्षक परेड प्रस्तुति के बाद उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदेमातरम के सामूहिक गायन ने देशभक्ति की भावना का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश वाचन को बडी एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया। सभी ने पूरे मनोयोग से मुख्यमंत्री जी के संदेश को देखा और सुना। जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर संदेश का वाचन किया और जिले के सभी नागरिकों को बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व पूरे जिले में देशभक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा भी ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों के आयोजन किए गए।

विद्यार्थियों ने नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति

समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान मानसरोवर द स्कूल बडोरा ने संदेसे आते है और वो मिट्टी के बेटे गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय पी.एम. श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल ने वंदे मातरम तथा आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा के विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा जंगल रखवाला पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी प्रकार जनजातिय कार्य विभाग कन्या छात्रावास बैतूल के विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम श्रेष्ठ भारत, एक भारत गीत पर तथा शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर, हमलापुर बैतूल के विद्यार्थियों ने झूमर जा रे पड़की झूमर गीत परनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान पर शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर बैतूल, द्वितीय स्थान पर आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा तथा तृतीय स्थान पर शासकीय अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग कन्या छात्रावास बैतूल रही।

विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर अतिथियों ने समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों तथा शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस सहित अन्य विभागों के, अपने पदीय कर्तव्यों का उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य संपादन के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य करने पर चिचोली ब्लॉक की एएनएम श्रीमती ममता रघुवंशी को राज्य से प्राप्त प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिले में स्कैनिंग कार्य, अभिलेख सत्यापन, गिरदावरी कार्य, मानदेय भुगतान, पटवारी की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली में उत्कृष्ट कार्य पर तकनीकी सहायक संदीप निरापुरे, संस्थागत प्रसव एवं नवजात शिशु की देखभाल और टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सिंग ऑफिसर प्रा.स्वास्थ्य केंद्र बोरदेही श्रीमती माधुरी माकोड़े, सीवियर एनीमिया चिन्हाकन, मैनेजमेंट वर्ष 2024 25 में शिशु मृत्यु एवं बाल मृत्यु की संख्या शून्य होने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य पर सीएचओ उप स्वास्थ्य केंद्र खपरिया, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं चतुर्थ जांच शत प्रतिशत करने पर एएनएम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ससुन्द्रा श्रीमती नीलिमा चौरे, टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य पर एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र गढ़ा, शाला के वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों का सत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के उत्कृष्ट प्रयास कार्य के लिए घोड़ाडोंगरी प्राचार्य विवेक तिवारी, माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरणों से निराकरण में विशेष सहयोग प्रदान करने पर पटवारी बैतूल घनश्याम लोखंडे, अपने मूल दायित्वों के अतिरिक्त शासन के विभिन्न योजना का संपादन एवं समन्वय करने पर पटवारी निखिल देशमुख को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभागीय योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन सतीश पवार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सरवन एस मरकाम, प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शुभम वानखेडे, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग नरेंद्र कुमार गौतम, उपसंचालक पशु डॉ.सुरजीत सिंह, स्टेनोग्राफर कलेक्टर मुकेश कुमार गुमास्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले में समय सीमा के भीतर त्रुटि रहित एवं सर्वप्रथम चार्ज की एचएल में मकान गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर तहसीलदार श्रीमती कीर्ति डेहरिया, थाने में लंबित अपराधों के निराकरण, अज्ञात हत्या के अनसुलझे प्रकरणों के निराकरण में थाना प्रभारी साइखेड़ा के उप निरीक्षक भैयालाल उईके, लूट, एनडीपीएस महिला संबंधी मामलों की उत्कृष्ट विवेचना के लिए थाना सारणी उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, महिला संबंधी शिकायतों में त्वरित कार्यवाही एवं समय समय पर कार्यों को पूर्ण निष्ठा से करने के लिए महिला थाना प्रभारी बैतूल निरीक्षक कविता नागवंशी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

बलों की टुकड़ियों को किया पुरस्कृत

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत करने वाली विभिन्न बलों की टुकड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परेड ग्रुप ए में जिला पुलिस बल बैतूल ने प्रथम स्थान, वन विभाग बैतूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परेड ग्रुप बी में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल प्रथम स्थान, शासकीय महारानी लक्ष्मी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परेड ग्रुप सी में राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज बैतूल प्रथम स्थान, लिटिल फ्लावर स्कूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार परेड ग्रुप डी में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज रेड क्रॉस प्रथम स्थान तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल एनसीसी जूनियर डिवीजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा परेड कमांडर प्रदीप रघुवंशी रक्षित निरीक्षक बैतूल, मुख्य कमांडर शैफा हासमि को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं अनहद म्यूजिक महाविद्यालय टीम को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के मधुर गायन पर पुरस्कृत किया गया।

विधायक, कलेक्टर एसपी ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष भोज

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूलबाजार में विशेष भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने विद्यार्थियों के साथ भोजन किया और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। वहीं विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो भी लिया गया। इस अवसर पर कृष्णा गायकी, अपर कलेक्टर वंदना जाट, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकडे ने भी सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। जिले के सभी अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न शासकीय स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ भोजन किया।

मक्के के खेत में मिली चार दिन पुरानी सड़ी लाश का खुलासा

अवैध करंट की चपेट में युवक की मौत, शव दूसरे खेत में फेंका, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी



ग्राम बाकुड़ में मक्के के खेत से बरामद 27 वर्षीय युवक की चार दिन पुरानी सड़ी हुई लाश के मामले का सारणी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि जंगली सूअर आदि के शिकार के लिए खेत में बिछाए गए अवैध विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। घटना को छिपाने के लिए आरोपियों ने शव को दूसरे व्यक्ति के मक्के के खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बाकुड़ निवासी श्यामवती पति ओझा मर्सकोले ने 11 अगस्त को थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका 27 वर्षीय पुत्र मनोज मर्सकोले 7 अगस्त की शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए चला गया है। रिपोर्ट पर थाना सारणी में अपराध क्रमांक 251/26, धारा 140(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की गई।

तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बाकुड़ में अभिराम यादव के मक्के के खेत में एक पुरानी सड़ी हुई लाश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग क्रमांक 51/26, धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की। मृतक की पहचान लापता मनोज मर्सकोले के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए। संदेह के आधार पर परेश पिता किशन मर्सकोले, महेन्द्र कुमरे पिता जुगरा कुमरे और सुनील पिता दीमू कुमरे, सभी निवासी ग्राम बाकुड़ से पूछताछ की गई।

शिकार के लिए खेत में फैलाया था करंट

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जंगली सूअर आदि के शिकार के लिए खेत के चारों ओर तार बिछाकर उसमें अवैध रूप से विद्युत करंट प्रवाहित किया जाता था। 7 अगस्त की रात परेश मर्सकोले के खेत में सेंट्रिंग वाली तार बिछाकर करंट छोड़ा गया था। इसी दौरान मनोज खेत में पहुंच गया और करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना का पता आरोपियों को अगले दिन 8 अगस्त की सुबह चला, जिसके बाद शव फेंक दिया।

प्रशासक बासुदेव सिंह भदौरिया ने किया ध्वजारोहण

नागरिक सहकारी बैंक में हर्ष और उल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बैतूल नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। बैंक प्रशासक बासुदेव सिंह भदौरिया ने बैंक परिसर में विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया।

समारोह में बैंक के पूर्व अध्यक्ष अतीत पवार, संचालक प्रमोद खुराना, निर्गुण देशमुख, राजेश राठौर एवं पितेश इंगले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी आर कोसेजी, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, सदस्यगण एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। इस दौरान बैंक परिसर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों और महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस उन वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनके कारण आज देशवासी स्वतंत्र भारत में स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। समारोह के अंत में सभी ने देश की प्रगति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शासकीय-अर्धशासकीय संस्थाओं में फहराया तिरंगा

शाहपुर विकासखंड में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को शाहपुर विकासखंड में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। क्षेत्र की विभिन्न शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए नगर में रैली निकाली।

पुलिस चौकी भौंरा में चौकी प्रभारी नीरज खरे ने ध्वजारोहण किया। कृषि साख सेवा सहकारी समिति में क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने तिरंगा फहराया। कन्या उच्चतर माध्यमिक भौंरा विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य सुरेश कटारे तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य शिवनारायण बरसे ने ध्वजारोहण किया।इसी क्रम में ग्राम पंचायत भौंरा परिसर में सरपंच मीरा धुर्वे ने ध्वजारोहण किया, जबकि वन परिक्षेत्र कार्यालय में रेंजर विजेंद्र तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया।

भौंरा में निकली विद्यार्थियों की रैली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर स्थित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ग्राम पंचायत परिसर पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ नशामुक्ति का संदेश

ग्राम पंचायत परिसर में रैली के पहुंचने के बाद सामूहिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ी एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी आश्रम की अरुणा दीदी ने नशामुक्ति को लेकर संदेश दिया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों और इससे परिवार एवं समाज पर पडने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभक्ति के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान नगर में उत्साह और राष्ट्रभक्ति का माहौल बना रहा।


बीआर अंबेडकर डीएड कॉलेज जामठी में मनाया स्वतंत्रता दिवस



बैतूल। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बीआर अंबेडकर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य वीएस ठाकुर ने कॉलेज संचालक राहुल एमपी अग्रवाल का स्वागत प्रतीक चिन्ह लगाकर किया। उसके बाद संचालक द्वारा गरिमामयी कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही सभी स्टाफ, सदस्यों एवं छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान कर झंडे को सलामी दी। संचालक और उनके परिवार ने स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

संचालक राहुल अग्रवाल और प्राचार्य वीएस ठाकुर ने दी बधाई

बीआर अम्बेडकर डीएड शिक्षा महाविद्यालय का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम







बैतूल। भीमराव रामराव अम्बेडकर डीएड शिक्षा महाविद्यालय जामठी का वर्ष 2025-26 का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान गरिमा द्विवेदी 87.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई, वहीं द्वितीय स्थान पर स्नेहा पंवार ने 86.4 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर गितेश यादव ने 85.5 प्रतिशत अंक हासिल किये। कॉलेज के संचालक राहुल अग्रवाल तथा प्राचार्य वीएस ठाकुर एवं सभी स्टॉप ने छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित की है।

मुलताई पहुंच मां ताप्ती का जल लेकर भोलेनाथ के जयकारों के साथ लौटे कांवड़िए

भाईचारे की मिसाल बनी सुहागपुर की कांवड़ यात्रा मुस्लिम समाज ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई जहां एक ओर अपनी धार्मिक आस्था के लिए विख्यात है, वहीं दूसरी ओर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल भी प्रस्तुत करती रही है। इसी गंगा-जमुनी संस्कृति का अनुपम उदाहरण रविवार को उस समय देखने को मिला, जब सुहागपुर से निकली विशाल कांवड़ यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा सभी कांवड़ियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की। श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति श्री शुगर मिल के समीप स्थित शिव मंदिर, सुहागपुर से सैकड़ों श्रद्धालु कंधों पर कांवड़ लेकर लगभग 40 किलोमीटर की यात्रा करते हुए मुलताई पहुंचे। यहां उन्होंने मां ताप्ती मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा मां ताप्ती का पवित्र जल कांवड़ में भरकर भगवान भोलेनाथ का जयघोष करते हुए अपने गंतव्य सुहागपुर के लिए रवाना हुए। ग्राम मोही में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष जफर पटेल एवं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष तकी उल हसन रिजवी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने कांवड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर हनी पटेल, मोहसिन शाह, फिरोज शाह, हमजा पटेल सहित अन्य ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया।

बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी पुलिस गिरफ्त में



शाहपुर/बैतूल। शाहपुर थाना क्षेत्र में एक 62 वर्षीय महिला ने 66 वर्षीय व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 14 अगस्त को भौरा चौकी थाना शाहपुर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने समूह की महिलाओं के साथ थाना में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अगस्त को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा खेत से मजदूरी कर लौटने के दौरान दुष्कर्म एवं उसके अंदरूनी अंगों को घायल करने एवं जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर थाना शाहपुर में धारा 64(1), 351(3) बी एन एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़ित बुजुर्ग महिला द्वारा की शिकायत के आधार पर आरोपी शंभू पिता ननहू इवने उम्र-66 वर्ष निवासी ग्राम टेकरीपूरा धार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं बुजुर्ग महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस के प्रयास एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अरविंद कुमरे, उप निरीक्षक सोनम साहु, उपनिरीक्षक नीरज खरे, प्रधान आरक्षक कुवरलाल नागले, आरक्षक धीरज काले, महिला आरक्षक संध्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अल्प समय में उखड़ने लगीं पेविंग टाइल्स, पार्षद ने लगाए गुणवत्ताहीन निर्माण के आरोप

शीतला माता मंदिर एवं जैन मंदिर मार्ग की सड़कें बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर में नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शीतला माता मंदिर मार्ग एवं जैन मंदिर मार्ग पर हाल ही में बिछाई गई पेविंग टाइल्स अल्प समय में ही उखड़ने लगी हैं। इस मामले को लेकर विवेकानंद वार्ड की पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नगरपालिका पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। पार्षद अंजलि शिवहरे ने दोनों मार्गों पर उखड़ी हुई पेविंग टाइल्स की तस्वीरें साझा कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि नगर में विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा उन शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी का परिणाम है कि ठेकेदार अधिकारियों से कथित सांठगांठ कर बेखौफ तरीके से घटिया निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व ही शीतला माता मंदिर एवं जैन मंदिर मार्ग पर बिछाई गई पेविंग टाइल्स उखड़ने की शिकायत नगरपालिका को की गई थी, लेकिन आज तक न तो दोषपूर्ण कार्य की जांच कराई गई और न ही सडक़ की समुचित मरम्मत कराई गई। इससे स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पहली बारिश भी नहीं झेल सकीं सीमेंट सड़कें

पार्षद अंजलि शिवहरे ने आरोप लगाया कि नगर के विभिन्न वार्डों में विभिन्न योजनाओं के तहत हाल ही में निर्मित कई सीमेंट सडक़ें भी पहली ही बारिश में अपनी गुणवत्ता खो बैठीं। सडक़ों की सतह से सीमेंट की परत उखडने लगी है, जिससे कई स्थानों पर सडक़ें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

ठेकेदारों का भुगतान रोकने और जिम्मेदारी तय करने की मांग

पार्षद अंजलि शिवहरे ने नगरपालिका अध्यक्ष से मांग की है कि जिन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें सामने आई हैं,



उनकी निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही दोषी ठेकेदारों का भुगतान तत्काल रोका जाए तथा लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। उनका कहना है कि जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

इनका कहना है...

नगरपालिका के उपयंत्री महेश शर्मा ने बताया कि बारिश के दौरान छतों से गिरने वाले पानी के कारण कुछ स्थानों पर पेविंग टाइल्स के नीचे का बेस बह गया, जिससे टाइल्स ऊपर उठ गई हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है और टाइल्स को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। नगर पालिका द्वारा उखड़ी हुई टाइल्स को दोबारा व्यवस्थित तरीके से फिक्स कर दिया जाएगा।

महेश शर्मा, उपयंत्री,
नगर पालिका परिषद, मुलताई

खबर संक्षेप

प्रेस क्लब अध्यक्ष शर्मा का निधन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग



देवास। प्रेस क्लब देवास के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित शर्मा का 15 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, समाजजनों एवं शहरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। 15 अगस्त को सुबह वे वरिष्ठ नागरिक संस्था एवं प्रेस क्लब देवास के संयुक्त ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे तब पक्ष ब्राह्मण समाज के सामाजिक कार्यक्रम में भी आप शामिल हुए वहां से लौटते समय अचानक तबियत बिगड़ी और वे सभी को छोड़कर चले गए। वे स्व. केशवराव शर्मा के सुपुत्र तथा जयंत शर्मा के अनुज थे। उनके निधन से परिवार सहित पत्रकारिता जगत ने एक कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व को खो दिया। शर्मा की अंतिम यात्रा 15 अगस्त को दोपहर 3:30 बजे उनके निज निवास, मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन, गोकुल गार्डन के पीछे, देवास से निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, पत्रकार साथी, राजनीतिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, परिवारजन, स्थानीय नागरिकों सहित कन्या शहरों से भी परिचित जन शामिल हुए। शर्मा अपने पीछे परिवार में पुत्री ऐश्वर्या एवं पुत्र अथर्व शर्मा सहित भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अस्थि संचय 17 अगस्त सोमवार को प्रातः 9 बजे निज निवास, मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन, गोकुल गार्डन के पीछे, देवास से किया जाएगा। वहीं शोक बैठक 17 अगस्त को शाम 4 बजे से 6 बजे तक गोकुल गार्डन, कैलामाता मंदिर के सामने, देवास में रखी गई है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उल्लास और गरिमापूर्ण रूप से मनाया स्वतंत्रता दिवस

पुलिस परेड ग्राउंड पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने ध्वजारोहण कर सलामी ली



देशभक्ति से भरे गीतों पर छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीरगति को प्राप्त शहीदों के परिवारजनों का किया सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंत्री विजयवर्गीय ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर ऋतु राज सिंह एवं पुलिस



अधीक्षक पुनीत गेहलोद भी उनके साथ मौजूद रहे। परेड निरीक्षण उपरांत सशस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। जिसके बाद परेड कमांडर रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। विजयवर्गीय ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर रंग-बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश वाचन के सीधे प्रसारण को कलेक्टर मंत्री विजयवर्गीय कलेक्टर सिंह, एसपी गहलोद समेत सभी अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने गौर से सुना। मुख्य अतिथि मंत्री विजयवर्गीय ने बधाई संदेश का वाचन किया। मंत्री विजयवर्गीय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं वीरगति को प्राप्त शहीदों के परिवारजनों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले में विकासखण्ड, तहसील, नगर परिषद तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए प्राण न्योछावर करने वाले देवास जिले के वन रक्षक श्री मदन लाल वर्मा को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा दिया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शस्त्र सहित परेड में प्रथम पुरस्कार सीआईएसएफ बैंक नोट प्रेस देवास, द्वितीय पुरस्कार जिला पुलिस पुरुष बल देवास, तृतीय पुरस्कार जिला होम गार्ड देवास को मिला। शस्त्र रहित परेड में प्रथम पुरस्कार एनसीसी सीनियर बॉयज केपी कॉलेज देवास, द्वितीय पुरस्कार नारायण विद्या स्कूल क्रमांक-1, तृतीय एनसीसी जूनियर चिमना बाई स्कूल को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार महारानी चिमना बाई स्कूल, द्वितीय पुरस्कार सेन थॉम स्कूल, तृतीय पुरस्कार उत्कृष्ट स्कूल तथा प्रोत्साहन पुरस्कार कर्मदीप पब्लिक स्कूल को मिला।

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, भैरूलाल अटारिया राजेश यादव, राजीव खंडेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह,अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण, पत्रकारों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी और श्वेता काकड़े ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

150 किमी के दायरे में 200 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

चेन स्नेचिंग करने वाले दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास और उज्जैन में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने देवास में मंगलसूत्र लूटने के बाद उज्जैन में भी चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने करीब 150 किलोमीटर के क्षेत्र में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने रविवार को एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया।

जांच में सामने आया कि देवास में वारदात करने के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए उज्जैन की ओर भागे थे। पुलिस ने उनके आने-जाने के रास्ते को चिन्हित कर विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की। अलग-अलग स्थानों के फुटेज में आरोपियों की बाइक और उनकी गतिविधियों के बीच कड़ी जुड़ती गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देवास में लूटा गया करीब 80 हजार कीमत का सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है। इसके अलावा उज्जैन में लूटी गई करीब 2 लाख कीमत की दो सोने की चेन भी बरामद की गई हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद जाबिर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया (28), निवासी बाणगंगा इंदौर तथा रेहान शेख (20), निवासी बुरहानपुर, हाल मुकाम इंदौर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार जाबिर हुसैन आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में लूट, रंगदारी, मारपीट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट सहित 13 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में भी उसके खिलाफ लूट के कई प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।कार्रवाई में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सोलंकी, उपनिरीक्षक संजय सौराष्ट्रीय, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर मंडलोई, पुलिस टीम एवं साइबर सेल देवास के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी देवास ने पुलिस टीम के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाने के लिए 10 हजार के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

सोनकच्छ में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोनकच्छ में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उमंग और गरिमा के साथ मनाया गया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।समारोह की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' से हुई। समारोह में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व के साथ भारतीय तिरंगे की गरिमा और विश्व में उसके प्रति सम्मान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल भारत की आन-बान-शान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि दुनिया में विश्वास, सम्मान और मानवता की भावना का भी प्रतीक है।कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कृष्णाबाई मदनसिंह धाकड़, नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, रोगी कल्याण समिति सदस्य गुड्डू मेहता, ओमप्रकाश परमार, राहुल धाकड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम आनंद मालवीया, तहसीलदार नेहा शाह, नगर परिषद



सीएमओ अमर दास सेनानी, जनपद पंचायत सीईओ गीतिका सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

निगम कार्यालय पर महापौर व जवाहर चौक पर आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

देवास। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के 80 वें राष्ट्रीय पर्व पर नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात परम्परानुसार स्थानीय जवाहर चौक पर प्रातः 8 बजे निगमायुक्त दलीप कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इन अवसरों पर तिरंगे गुब्बारे भी छोडे गये ध्वजारोहण पश्चात निगम कार्यालय परिसर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के 61 कर्मचारियों को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महापौर अग्रवाल, सभापति जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल व आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



ध्वजारोहण कर समाजबंधुओं का किया सम्मान

देवास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ, जिला देवास के तत्वावधान में स्थानीय होटल लगन पैलेस में ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद शीतल गहलोत एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा रहे। जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा ने अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। ध्वजारोहण के बाद अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शासन द्वारा मनोनीत किए गए यशवंत तिवारी, विक्रम शर्मा, कुणाल जोशी एवं डॉ. अर्चना शर्मा को जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

मंत्री ने बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन

देवास। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 में आयोजित विशेष भोज में शामिल होकर बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान जिंप अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, नगर निगम सभापति रवि जैन, दुर्गेश अग्रवाल, भेरूलाल अटरिया, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋतु राज सिंह, देवास पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित शिक्षक एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंजा सेंट जॉन स्कूल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में आजादी का 80वां महोत्सव हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के सचिव कृपाल सिंह उदावत तथा विशेष अतिथि के रूप में अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष आर्यभूषण शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी एवं प्राचार्य सिस्टर अर्पिता ने किया। मुख्य अतिथि कृपाल सिंह उदावत, विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी एवं प्राचार्य सिस्टर अर्पिता ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराकर ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना व्यक्त की।विद्यालय के बैंड ग्रुप, स्काउट गाइड तथा विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने भव्य परेड में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट करते हुए तिरंगे को सलामी दी। कक्षा 10वीं के छात्र असीम खान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी को देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि उदावत द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं रिया एक्कल, नितिका, अलावा एवं आयुष जायसवाल आदि ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन विद्यालय के डिप्टी हेड बॉय अंशुमान पाटीदार ने किया।

शासकीय कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण, ग्रामीण अंचलों में दिखा देशभक्ति का उत्साह

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और संस्थाओं ने दी तिरंगे को सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

नगर एवं क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम, उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय कार्यालयों, पंचायत भवनों, विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में विभाग प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति सिंह बघेल ने पार्षदों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र नायक ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद सीएमओ अमरदास सेनानी सहित पार्षद एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम आनंद मालवीया, तहसील कार्यालय में तहसीलदार नेहा शाह, पशुपालन विभाग कार्यालय में विभाग प्रमुख डॉ. अदिति मालवीय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य नैना पाठक, शासकीय कन्या विद्यालय में प्राचार्य चंद्रकांता बैस, आवासीय कन्या छात्रावास भवन में अधीक्षिका ज्योति वडेकर तथा शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य अर्चना



श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

ग्रामीण अंचलों में मना स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस का उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। ग्राम पंचायत अगेरा में सरपंच यदुराज सिंह अगेरा ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ग्राम पंचायत बावई में स्कूली बच्चों, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सरपंच सरिता रैकवार ने ध्वजारोहण किया। सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम रैकवार ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत सचिव अजाबसिंह सेंधव ने आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत सांवेर में सरपंच अयोध्या बाई ने पंचायत भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रमेश महाराज, सचिव अंबाराम मालवीय एवं रोजगार सहायक सतीश सोलंकी मौजूद रहे। वहीं प्रतिभा हाइट्स स्कूल सांवेर में डायरेक्टर डॉ. कैलाश नारायण शर्मा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र की संचालिका लक्ष्मी शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्कार विद्यालय सांवेर में भी स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बच्चों ने दीं देशभक्ति पर प्रस्तुतियां

ग्राम पंचायत भागसरा एवं एक शाला-एक परिसर शासकीय माध्यमिक विद्यालय भागसरा में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच दिलीप बाबूलाल धाकड़ ने ध्वजारोहण गया और सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक प्रहलाद सिंह सेंधव, पूर्व सरपंच बाबूलाल धाकड़, विक्रम सिंह सेंधव, धीरज सिंह, दौलत सिंह सेंधव, अनार सिंह, रविन्द्र सिंह सेंधव, पिंकेश धाकड़, महेश धाकड़, नितेश कोटड़िया, राकेश धाकड़, अनोखी लाल, जितेन्द्र सिंह धाकड़ सहित ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं एवं कहानियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के बाद बच्चों को मिठाई वितरित की गई। अंत में जितेन्द्र सिंह धाकड़ ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

अमलतास विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

15 अगस्त के अवसर पर अमलतास विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण हुआ। अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने तिरंगा फहराकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अथिति राजेश राठौड़ कार्यकारी निदेशक, एमपीआईडीसी, एवं ग्राम बांगर के सरपंच दिलीप जाट उपस्थित थे।मुख्य अतिथि राठौड़ ने अपने संबोधन में छात्रों को मार्गदर्शित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में विशेष आकर्षण अमलतास नशा मुक्ति केंद्र के मरीजों एवं विशेष स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने खड़े होकर सराहा। इसके साथ ही कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन मे विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर डॉ. सलिल भार्गव,अमलतास ग्रुप के वाइस चेयरमैन देवेन्द्र दुबे,विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. आर.के. सिंह,रजिस्टार डॉ. अभय गुप्ता,कॉलेज के डीन डॉ. ए.के. पीठवा, डीन मैनेजमेंट डॉ. आस्था नागर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्रसिंह भदौरिया,डॉ संगीता तिवारी,डॉ नीलम खान,डॉ स्नेहा सहाय,डॉ अनिता घोडके,डॉ. अजय गुर्जर, डॉ.अंजली मेहता, एवं कार्यक्रम संचालन डॉ. रत्ना शर्मा द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

हरदा में पाक्सो मामले में आरोपी दोषमुक्त

हरदा। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम) हरदा निसार अहमद की अदालत ने विशेष सत्र प्रकरण के आरोपी केसु पिता रामरतन धुर्वे को आरोपों से दोषमुक्त घोषित किया है। न्यायालय ने यह निर्णय गतदिवस सुनाया। प्रकरण में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता क्रांति कुमार जैसानी ने पैरवी करते हुए अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों में मौजूद महत्वपूर्ण विरोधाभासों एवं कानूनी बिंदुओं को न्यायालय के समक्ष रखा। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत मौखिक, दस्तावेजी, चिकित्सकीय एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल नहीं रहा। अभियोजन द्वारा आरोप प्रमाणित नहीं किए जाने के आधार पर न्यायालय ने आरोपी केसु पिता रामरतन धुर्वे को प्रकरण में दोषमुक्त कर दिया।

सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

हरदा। रविवार सुबह एक सड़क हादसे में एक निजी स्कूल के 37 वर्षीय शिक्षक प्रवीण काशिव की मौत हो गई। यह घटना पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हुई, जहां उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह दीवार से जा टकराई। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रवीण काशिव शहर के वार्ड नंबर 6 स्थित खेड़ीपुरा के निवासी थे। रविवार सुबह उन्हें घबराहट महसूस हो रही थी, जिसके चलते वे अपने छोटे भाई सौरभ के साथ बाइक से डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। इसी दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में प्रवीण के सिर में गंभीर चोटें आईं, जो उनकी मौत का कारण बनीं। जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रवीण अपने दो भाइयों में बड़े थे। उनके पिता का कुछ साल पहले निधन हो चुका है। परिवार में अब उनकी माँ और छोटा भाई सौरभ है।

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कल सौंपेंगे ज्ञापन

सीहोर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल राठौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, एल.एन. कैलाशिया के निर्देशानुसार उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी, संरक्षकगण डॉ. साधुराम शर्मा, पं. राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ की अध्यक्षता में 18 अगस्त को सुबह 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रमुख सचिव व मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। पेंशनर्स साथियों से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित होने की अपील की।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति में डूबे लोग

मुस्लिम समुदाय व नार्मदीय ब्राह्मण समाज ने तिरंगा यात्राएं निकाली, लोगों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुस्लिम समुदाय और नार्मदीय ब्राह्मण समाज ने अलग-अलग तिरंगा यात्राएं निकालीं। दोनों यात्राओं में बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भाग लिया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से शहर गूंज उठा। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। आयोजकों ने तिरंगा यात्रा के जरिए राष्ट्रभक्ति, एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

नार्मदीय ब्राह्मण समाज की तिरंगा यात्रा गुर्जर बोर्डिंग से शुरू हुई। यात्रा परशुराम चौक, चांडक चौराहा, घंटाघर चौक और जैसानी चौक से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। यहां से यात्रा वापस गुर्जर बोर्डिंग पहुंचकर संपन्न हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेश राजवैद्य ने कहा कि यह दिवस विभाजन के दौरान हुई यातनाओं की याद दिलाता है और स्वतंत्रता की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। ट्रस्टी दीपक शुक्ला ने शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया।

मुस्लिम समाज के युवाओं ने भी तिरंगा यात्रा निकाली। हाजी मुजाहिद अली के अनुसार, यह यात्रा पिछले नौ वर्षों से प्रतिवर्ष 15 अगस्त को आयोजित की जा रही है। यात्रा रेलवे माल गोदाम से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचकर समाप्त हुई। दोनों यात्राओं में युवाओं सहित समाज के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया। यात्रा के मार्गों पर गलियां तिरंगों से सजी नजर आईं और जगह-जगह लोगों ने यात्राओं का स्वागत किया। आयोजकों ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इन यात्राओं का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करने के साथ आपसी भाईचारे का संदेश देना है। मुस्लिम समाज के सदस्यों ने देश की प्रगति के लिए सभी धर्मों और समुदायों से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

शिवना में स्वतंत्रता दिवस पर विवाद

गाली गलौज करने पर दो गुटों में टकराव दोनों पक्षों ने थाने के समक्ष दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



शिवना ग्राम में स्वतंत्रता दिवस पर गाली गलौज करने का विवाद से दो गुटों में टकराव, दोनों पक्षों ने थाने के समक्ष ,दिया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वहां के युवक पवन भास्कर ल द्वारा नेताओं से गाली-गलौज के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई कर उसे जेल भेज दया है। इसके जवाब में दूसरे पक्ष ने भी रविवार को पुलिस थाना चैनपुर का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। घटना अनुसार 15 अगस्त के कार्यक्रम में नेताओं के साथ गाली-गलौज की। इसके पक्ष में ग्राम पंचायत के सरपंच घुट के लोग यहां थाने पहुंचे थे। फलस्वरूप थाना प्रभारी गणपत सिंह कनेल ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। वहीं शांति भंग के आरोप में धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दूसरा पक्ष भी आया सड़क पर

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पहले ग्रामीणों ने थाने में धरना दिया था। अब रविवार को आरोपी के पक्ष के लोगों ने भी थाना चैनपुर पहुंचकर धरना दिया। उनकी मांग है कि पुलिस गाली-गलौज का प्रमाण पेश करे। प्रदर्शन में आरोपी के परिजन भी शामिल हुए है और दूसरे पक्ष द्वारा भी गाली गलौज का आरोप लगा रहे हैं। उन पर भी कार्रवाई की मांग कर रहें है।।

पहले भी दर्ज हुए थे प्रकरण

उल्लेखनीय है कि पूर्व मे सभा के हंगामे के समय सरपंच पति और पुत्र के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा चुका है।

प्रशासन अलर्ट

घटना की सूचना पर एसडीएम लोकेश छापरे और एसडीओपी केतन अडलक, तहसीलदार खुमान सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। फिलहाल थाने पर पुलिस बल तैनात है।

कुबेरेश्वरधाम में भक्तों की भीड़ के चलते 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण बंद, आज निकलेंगे कांवड़ यात्रा

रविवार को बड़ी संख्या में धाम पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु, पूजा-अर्चना कर भगवान का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास में कुबेरेश्वरधाम पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच व्यवस्थाओं को लेकर समिति और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक इन दिनों हर तरफ शिवभक्ति का नजारा दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु नंगे पैर कंधे पर कांवड़ लेकर करीब 11 किलोमीटर का सफर तय कर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। रविवार को भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

वहीं, श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण आगामी निर्देश तक अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के अनुसार यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

आज शाम 5 बजे निकलेंगे भव्य कांवड़ यात्रा

सावन के तीसरे सोमवार को शहर में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सोमवार शाम 5 बजे सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इंदौर का प्रसिद्ध श्याम बैंड-बाजा, भजन-कीर्तन मंडल और तीन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके चलते कांवड़ यात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है।

सीवन से धाम तक सेवा पंडाल, प्रसादी की व्यवस्था : कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए शहर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए जाएंगे। इन पंडालों पर श्रद्धालुओं को प्रसादी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सामाजिक संगठनों और सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने भी कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए तैयारियां की हैं। रविवार को नीमच और देवास सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। नीमच से जल लेकर आए दो दर्जन से अधिक युवाओं का विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से कुबेरेश्वरधाम आ रहे हैं। इस बार भी कई दिनों का पैदल सफर तय कर वे सीवन नदी से जल लेकर धाम पहुंचे।

पंडित प्रदीप मिश्रा बोले-शिव पर भरोसा कभी खाली नहीं जाता

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन में भगवान शिव को जल अर्पित करने के महत्व पर संदेश देते हुए कहा कि भगवान शिव पर किया गया विश्वास कभी खाली नहीं जाता। उन्होंने श्रद्धालुओं से आस्था और विश्वास के साथ भगवान शिव की आराधना करने का आह्वान किया।

रुद्राक्ष वितरण बंद, यातायात और चिकित्सा व्यवस्था पर जोर

समिति के अनुसार आगामी दिनों में लाखों श्रद्धालुओं के कुबेरेश्वरधाम पहुंचने का अनुमान है। इसी को देखते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण अस्थायी रूप से बंद किया गया है। वितरण आगामी निर्देश तक बंद रहेगा। वहीं प्रशासन और समिति द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात, चिकित्सा, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि कांवड़ यात्रा और धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

खेलवाल जांगड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

सीहोर। जांगड़ा महासभा ने आष्टा तहसील के सक्रिय समाजसेवी सरपंच जितेंद्र खेलवाल बेदाखेडी को तहसील ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया। समाज जनों की मांग और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश बांधेवाल ने सरपंच जितेन्द्र खेलवाल को मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति के बाद खेलवाल ने कहा कि जांगड़ा समाज के हर व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है और हर तरह के सुख-दुख में उनके साथ खड़े होना है संगठन को मजबूत बनाना है।

जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सीहोर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में ध्वजारोहण कार्यक्रम देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गौरवशाली तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित कांग्रेसजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का सस्वर गान कर मातृभूमि को नमन किया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया।



कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रेरणादायक एवं प्रगतिशील संदेश का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम दीप राठौर ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

सीवन नदी से जल भरकर बाबा केदारनाथ की किया अभिषेक



सीहोर। सावन मास के पावन अवसर पर श्री माधव महाकाल आश्रम आरोग्य आश्रम के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। धर्मरक्षक संत श्री श्री 108 काटारे बाबा के आशीर्वाद एवं कथाव्यास, परम गोभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितराम पाठक के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सीहोर की पावन सीवन नदी से श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल भरकर बाबा केदारनाथ को अर्पित किया। संत-महात्माओं, साधु-संतों सहित हजारों शिवभक्तों, मातृशक्ति एवं महिला मंडलों की श्रद्धालुजन ने बाबा केदारनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। जल अर्पण के बाद श्रद्धालुओं ने अमृत कुंड से जल ग्रहण किया और अपने-अपने घरों के लिए रवाना हुए।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा क्षेत्र : कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंजता रहा। यात्रा में सीहोर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल सिंह अरोड़ा, प्रीतम सांखला, संध्या बजाज, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दीपक शर्मा, राजेश मोहन, मनोज जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। युवा क्रांतिकारी संत पंडित मोहितराम जी पाठक के साथ बड़ी संख्या में युवा श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल रहे। अयोध्या, लखनऊ, छत्तीसगढ़, नागपुर, भोपाल, इंदौर, शुजालपुर, महेश्वर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीहोर पहुंचे और बाबा केदारनाथ को पवित्र जल अर्पित किया।

हजारों कांवड़ियों ने ग्रहण किया प्रसाद : आयोजन स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति, सेवा, धर्म एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। श्री माधव महाकाल आश्रम की ओर से तुलसीराम परमार ने बताया कि श्रावण माह के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी। आगामी 17 अगस्त को रात 8 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



